हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

****

भारत के प्रमुख भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्रीय सम्मेलन, रायसीना संवाद का 11वां संस्करण आज से नई दिल्ली में शुरू होगा। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में वैश्विक नेता, नीति-निर्माता, विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों और रणनीतिक सहयोग पर विचार-विमर्श करेंगे। वर्ष 2026 का विषय है – 'संस्कार – अभिकथन, सामंजस्य, उन्नति', जो वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को दर्शाता है। इसका आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। वर्ष 2016 में स्थापित वार्षिक संवाद अंतरराष्ट्रीय मामलों पर चर्चा के लिए भारत एक अग्रणी मंच बनकर उभरा है। वर्षों से इस संवाद में बदलते भू-राजनीतिक समीकरण, जलवायु संबंधी चिंताओं, तकनीकी परिवर्तन, आर्थिक लचीलापन और वैश्विक शासन व्यवस्था के भविष्य जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा होती रही है। सम्मेलन में कई गणमान्य विदेशी नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है।

****

पश्चिमी एशिया में जारी अस्थिरता के बीच, एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। एयर इंडिया ने कहा है कि प्रभावित यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदल सकते हैं या टिकट रद्द करने की स्थिति में पूरा रिफंड प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा इस वर्ष 28 फरवरी या उससे पहले की गई सभी कन्फर्म बुकिंग्स पर लागू होगी।

****

एयर इंडिया ने पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात के बीच अधिक मांग को देखते हुए टोरंटो, फ्रैंकफर्ट और पेरिस-चार्ल्स डी गॉल के लिए अतिरिक्त क्षमता वाली उड़ानें संचालित करने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में एयर इंडिया ने बताया कि आज से 11 मार्च तक दिल्ली और टोरंटो के बीच 3 अतिरिक्त उडानें संचालित होंगी। 7 मार्च से 10 मार्च तक दिल्ली और फ्रैंकफर्ट के बीच तीन उडानें तथा दिल्ली और पेरिस के बीच एक उड़ान अतिरिक्त चलेगी।

****

हरियाणा राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संजय भाटिया ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। आज इस अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मौजूद रहे। पानीपत निवासी 57 वर्षीय संजय भाटिया संगठनात्मक राजनीति का लंबा अनुभव रखते हैं। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं और भाजपा में प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।श्री संजय भाटिया करनाल लोकसभा सीट से सांसद भी रह चुके हैं। वर्ष 2019 में उन्होंने अपने पहले ही चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी.

भाटिया गृह मामलों की स्थायी समिति, सांसदों के वेतन एवं भत्तों संबंधी संयुक्त समिति तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य भी रहे हैं।

****

कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को राज्यसभा प्रत्याशी बनाया है। यह उनका पहला चुनाव होगा। उन्होंने भी आज विधानसभा भवन पहुंचकर अपना नामांकन भरा। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हूडा सहित कांग्रेस के 34 विधायक मौजूद रहे।

अंबाला निवासी कर्मबीर बौद्ध हरियाणा सिविल सचिवालय से करीब 4 साल पहले प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए। इनकी पत्नी श्रम विभाग में सहायक है।

श्री कर्मवीर सिंह बौद्ध 'संविधान बचाओ अभियान' में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं और जमीनी स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों में भागीदारी निभाते रहे हैं। वे कांग्रेस में किसी भी गुट या खेमे से जुड़े हुए नेता नहीं माने जाते। यही कारण है कि उन्हें संगठन के भीतर एक संतुलित और सर्व स्वीकार्य चेहरे के रूप में देखा जा रहा है।

****

सतीश नांदल राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार हो सकते हैं। चर्चा है कि सतीश नांदल को सभी काम छोड़ तुरन्त प्रभाव से चंडीगढ़ बुलाया गया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह से निवास पर उनकी मुलाकात हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार, सतीश आज सबसे बाद में तीसरे और अंतिम प्रत्याशी के तौर पर नामांकन कर सकते हैं।लेकिन आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के रणनीतिकार उनके नामांकन के लिए भी जरूरी कागजात तैयार करने में जुटे है।

****

दस राज्यों में 37 राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की आज अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। उम्मीदवार नौ मार्च तक नाम वापस ले सकते हैं। इन सीटों के लिए मतदान 16 मार्च को होगा और परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे।

****

नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट -NDRI), करनाल के 22वें दीक्षांत समारोह में उत्तराखंड में पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी पंतनगर, उत्तराखंड के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान को डॉ. डी. सुंदरेशन मेमोरियल ओरेशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। कई अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप, ICAR टीम अवॉर्ड और कई वैज्ञानिक सोसाइटियों से फेलोशिप पाने वाले डॉ. चौहान ने सेक्स्ड सीमेन टेक्नोलॉजी, एम्ब्रियो ट्रांसफर, भारतीय जानवरों में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन और दुनिया के पहले भैंस के बछड़े की क्लोनिंग का मार्ग दिखाया था।

****